# कार्यालय प्राचार्य सेठ मंगलचंद चौधरी राजकीय महाविद्यालय, आबूरोड

## अध्यात्म व योग

अध्यात्म एवं योग कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियों को योग सिखाया गया। परीक्षा से पूर्व तथा परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को पढ़ाई का तनाव रहता है जो कई बार बड़ी परेशानी का कारण बन जाता है। अतः योग एवं अध्यात्म के माध्यम से आप जीवन में आने वाले तनाव को कम कर सकते है तथा मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ जीवन जी सकते है। योग शिक्षिका श्रीमती संगीता अग्रवाल द्वारा आर्ट ऑफ फिटिंग के अन्तर्गत विद्यार्थियों को योग सिखाया गया।

प्राचार्य
से.मं.च.चौ.राज.महाविद्यालय,आबूरोड

# कार्यालय प्राचार्य सेठ मंगलचंद चौधरी राजकीय महाविद्यालय, आबूरोड

## कम्यूनिकेशन स्कील एण्ड कम्प्यूटर स्कील कार्यक्रम

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के पत्र क्रमांकः CCE/P&C/Innov. & Skill Dev. Cell/2019/736 दिनांक 25.04.2019 की अनुपालना में महाविद्यालय में नियमित विद्यार्थियों के लिए समर कैम्प प्रोग्राम में इन्टरनेशिप स्कील बेस्ड केपेसिटी बिल्डिंग हेतु दिनांक 03 जून से 30 जून 2019 तक की अवधि का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें इंग्लिश लेंग्वेज इम्पूर्वमेन्ट की कक्षाऐं लगाई गई जिसमें स्थानीय स्कूल व्याख्याता श्रीमती मन्जु मालपानी द्वारा कक्षाऐं ली गई तथ विद्यार्थियों को अंग्रेजी का बेसिक ज्ञान दिया गया जिसमें अंग्रेजी भाषा में सामान्य संवाद, साक्षात्कार, व्यक्तित्व विकास केन्द्रित प्रशिक्षण करवाया गया।

इसी प्रकार बेसिक नॉलेज ऑफ कम्प्यूटर्स में प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया गया जिसमें कम्प्यूटर का सैद्धान्तिक व प्रायोगिक ज्ञान दिया गया। प्रशिक्षण, आदर्श कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, गांधीनगर आबूरोड के श्री अभिषेक सोनवाल द्वारा दिया गया तथा कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर व Microsoft Company के एम.यू. के आधार पर महाविद्यालय के आई.सी.टी लेब में Microsoft Office सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया गया जिसमें 40 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। प्रतिदिन तीन घण्टे सैद्धान्तिक व प्रायोगिक कक्षाऐं लेते हुए उन्हें एम.एस.ऑफिस से संबंधित प्रोग्राम सिखाए तथा अन्त में सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गये।

प्राचार्य
से.मं.च.चौ.राज.महाविद्यालय,आबूरोड

# कार्यालय, प्राचार्य सेठ मंगलचंद चौधरी राजकीय महाविद्यालय, आबूरोड

क्रमांक : रामआ / स्था / MOS Training/2018/ दिनांक ..............

## –:: कार्यालय आदेश ::–

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के आदेश क्रमांक: CCE/ P&C/ ISDC/ 2018 /MOS Training/ 265 दिनांक 05.10.2018 के तहत् दिनांक 09 जुलाई 2018 को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान एवं माइक्रोसाफ्ट, इण्डिया प्रा. लि. के साथ 9500 विद्यार्थियों एवं 500 टीचर्स को निःशुल्क MOS प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए हस्ताक्षरित MOV की अनुपालना में संकाय सदस्यों का बाँगड़ राजकीय महाविद्यालय, पाली में दिनांक 08.10.2018 से 12.10.2018 तक प्रशिक्षण कार्यक्रम में निम्नलिखित संकाय सदस्यों को आदेशित किया जाता है कि उक्त कार्यक्रम में दिनांक 08.10.2018 को कार्यालय समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

1. श्रीमती इन्दु आसेरी, सहायक आचार्य, अर्थशास्त्र।
2. श्री सुमित कुमार डाबी, सहायक आचार्य गणित।

नियमानुसार यात्रा एवं दैनिक भत्ता देय होगा।

Sd/-
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय आबूरोड

क्रमांक : रामआ / स्था / MOS Training/2018/ 1223 – 1229 दिनांक 6/10/2018

प्रतिलिपि :

1. श्रीमान् आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. प्रभारी नवाचार एवं कौशल विकास, आयुक्तालय, जयपुर।
3. प्राचार्य बाँगड़ राजकीय महाविद्यालय, पाली।
4. श्रीमती इन्दु आसेरी।
5. श्री सुमित कुमार डाबी।
6. लेखा शाखा।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय आबूरोड

# कम्युनिकेशन स्किल्स की उपयोगिता समझाई

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

आबूरोड. राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को उद्यमिता प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को कम्युनिकेशन स्किल्स की उपयोगिता के बारे में डॉ. रुखसाना सैफी ने जानकारी दी। 'उद्यमशीलता व इंटरव्यू में सफलता के मंत्र' विषय पर अनु बडोला ने बताया। परिचर्चा में कॉलेज के सभी संकायों से छात्रों ने भाग लिया।

उद्यमिता प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. अंशुरानी सक्सेना ने युवाओं के रुझान, उद्यमशीलता के क्षेत्र में उच्च शिक्षा, कम्युनिकेशन व इंटरव्यू स्किल्स के दैनिक व व्यावसायिक जीवन में योगदान की जानकारी दी। कार्यवाहक प्राचार्य ने विद्यार्थियों को सॉफ्टस्किल्स के माध्यम से व्यक्तित्व विकास का सुझाव दिया। युवा कौशल विकास की समन्वयक डॉ. अनीता गुप्ता, युवा विकास प्रकोष्ठ प्रभारी इंदु आसेरी, रोवर लीडर डॉ. आशुतोष मीणा, एनएसएस प्रभारी डॉ. सलकान्त यादव व सुनीलकुमार उपस्थित थे।


## प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन

उधर, राजकीय बांगड़ स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाली में आयोजित संभाग स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में साहित्यिक मंच संयोजिका डॉ. अनीता गुप्ता के निर्देशन में राजकीय महाविद्यालय के एमए पूर्वार्द्ध अंग्रेजी के छात्र सुखराम विश्नोई व स्नातक तृतीय वर्ष वाणिज्य के छात्र सौरभ अग्रवाल ने दूसरा स्थान हासिल कर किया। छात्रों ने 'वर्तमान समय में सोशल मीडिया लोगों के बीच संवादहीनता के लिए उत्तरदायी है' विषय पर तर्क दिए।

राज॰ पत्रिका 17.11.17 पृष्ठ-14


से.मं.चं.चौ. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
आबूरोड (राज.)
समर कैम्प–2019
रोजगार उन्मुख कौशल विकास
03 जून से 30 जून तक निःशुल्क शिविर
सम्पर्क सूत्र
डॉ. अंशु रानी सक्सेना






डार वाले सेठ मंगलचन्द चौधरी राजकीय महाविद्यालय 1977


स.म.च.चो. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
समर कैम्प–2019


SEMINAR
HALL



